भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 93
गुरुवार, 29 जनवरी, 2026/9 माघ, 1947(शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एलायंस एयर की उड़ान रद्द होना

93. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को संसद सदस्यों से बेंगलुरु-सलेम सेक्टर में 25.12.2025 को एलायंस एयर की उड़ान 91-513 के रद्द होने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या एलायंस एयर ने नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं, धारा 3 हवाई परिवहन, सीरीज 'एम', भाग IV के अनुच्छेद 3.3.2 के अनुसार मुआवजे का भुगतान करने से इनकार कर दिया, क्योंकि रद्द करने की सूचना यात्रियों को निर्धारित प्रस्थान समय से निर्धारित घंटों से कम समय पहले दी गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बेंगलुरु-सलेम सेक्टर में 25.12.2025 को उड़ान 91-513 को रद्द करने के लिए एलायंस एयर द्वारा परिचालन संबंधी क्या कारण बताए गए हैं; और

(घ) 01.01.2025 से आज तक बेंगलुरु-सलेम मार्ग पर एलायंस एयर की उड़ान 91-513 कितनी बार रद्द हुई है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): दिनांक 10.01.2026 को माननीय संसद सदस्य श्री वी.एस. माथेश्वरन जी से दिनांक 25.12.2025 को बेंगलुरु-सलेम सेक्टर में एलाइंस एअर की उड़ान 9आई-513 को रद्द करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। इस मामले की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा की गई थी और मैसर्स एलाइंस एअर से रिपोर्ट मांगी गई थी। एयरलाइन ने उल्लेख किया कि उड़ान तकनीकी खराबी के कारण प्रभावित हुई थी और इसका नियोजित सुधार में सलेम हवाईअड्डे पर सूर्यास्त समय सीमितताएं पार हो गई थी, जिसके कारण उड़ान रद्द कर दी गई थी।

हवाई यात्रा एजेंट के माध्यम से एयरलाइन द्वारा पूरा हवाई किराया वापस कर दिया गया था। हालांकि, एयरलाइन के नियंत्रण से परे की परिस्थितियों के कारण उड़ान रद्द होने की वजह से आगे मुआवजे की पेशकश नहीं की जा सकी।

(घ): वर्ष 01.01.2025 से 31.12.2025 के दौरान विभिन्न तकनीकी, मौसम, उड़ान प्रचालनों, हवाईअड्डा प्रचालनों और वाणिज्यिक संबंधित कारणों से उड़ान 9आई-513 बेंगलुरु-सलेम सेक्टर को 53 मौकों पर रद्द किया गया था।

******